BSNL
Connecting India

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक दूरसंचार
विपणन शाखा, कमरा न0.07, दूरसंचार भवन, लाल कोठी, जयपुर . 302015
दूरभाष न0: 0141.2743316, फैक्स न0.: 0141.2743286

प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक: 15/2021
(12.4.2021)

फर्जी वेबसाइटों/ धोखेबाज व्यक्तियों से सावधान रहने की अपील

बीएसएनएल को पता चला है कि, कुछ फर्जी वेबसाइट (जैसे https://bsnlbharatfiberdealer.in) **और धोखेबाज** व्यक्ति, भारत फाइबर और भारत एयर फाइबर कनेक्शन प्रदान करने के लिए बीएसएनएल का पार्टनर बनाने के लिए लोगों से एसएमएस, कॉल और व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से अग्रिम भुगतान की मांग कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त सेवा प्रदान करने हेतु, बीएसएनएल का पार्टनर बनने के लिए बीएसएनएल को किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं करना है।

राजस्थान बीएसएनएल परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने बताया कि ऐसी वेबसाइटें बीएसएनएल के लोगो, नाम और जीएसटी नंबर का दुरुपयोग कर रही है और **बीएसएनएल** के नाम से नए कनेक्शन देने के लिए अग्रिम भुगतान की मांग कर रही है। **इस सम्बन्ध में बीएसएनएल.** ने आगे की कार्रवाई के लिए एफ.आई.आर. दर्ज करा दी है। यह अनुरोध किया जाता है कि बीएसएनएल भारत फाइबर (एफ.टी.टी.एच. सेवा) और भारत एयर फाइबर सर्विसेज का पार्टनर (डीलर) बनने के लिए ऐसी फर्जी वेबसाइटों पर किसी भी प्रकार से रुपयों का भुगतान न करें। इसी प्रकार, **इन** फर्जी वेबसाइटों/ **धोखेबाज** व्यक्तियों द्वारा बीएसएनएल कनेक्शन प्रदान करने के लिए मांगी गई किसी भी राशि का भुगतान नहीं करें।

उल्लेखनीय है कि बीएसएनएल की किसी भी सेवा को प्राप्त करने के लिए कृपया **बीएसएनएल** की वेबसाइटस www.bsnl.co.in और www.rajasthan.bsnl.co.in पर विजिट करें। भारत फाइबर (एफ.टी.टी.एच.) और भारत एयर फाइबर कनेक्शन की बुकिंग के लिए कृपया वेबसाइट https://bookmyfiber.bsnl.co.in/ पर विजिट करें या My BSNL App का उपयोग करें।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए **बीएसएनएल** टोल फ्री नंबर 1800-345-1500 का भी उपयोग किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी स्पष्टीकरण / पूछताछ के लिए, यदि आवश्यक हो, तो 0141-2371500 पर या निकटतम ग्राहक सेवा केंद्र (CSC) पर संपर्क किया जा सकता है।

(विकास चंदेलिया)
जन सम्पर्क अधिकारी